भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 25.09.2023

आरेडिका में अफ्रीकी देश मोजांम्बिक के प्रतिनिधि मण्डल का दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में बनने बाले कोचों की साख केवल भारतीय रेल में नहीं है वल्कि विदेशों में भी है इनकी माँग लगातार बढ रही है। आरेडिका में बने रेल डिब्बों का विदेश में निर्यात हो रहा है। इसी हेतु आज दिनांक 25.09.2023 को अफ्रीकी देश मोजाम्बिक के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल ने आरेडिका का दौरा किया।

इसी परिप्रेक्ष्य में, सीएफएम मोजांम्बिक रेलवे के श्री कारलोस इस्माइल मैम्बों के नेतृत्व में 4 अधिकारियों का प्रतिनिधि मण्डल जिसमें श्री अकीतल हैगी इब्राइमो, श्री मिलिओन फेनियास कूना चंगला, श्री इंसियो फ्लोर कुबांना शामिल हैं ने आरेडिका का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मोजांम्बिक रेलवे के प्रतिनिधियों को कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यों, कोचों की गुणवत्ता एवं संरक्षा संबंधी मापदंडों का विस्तृत जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्य कोचो की गुणवत्ता से अत्यन्त प्रसन्न दिखे।

महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि हम मोजाम्बिक रेलवे की आवश्यकतानुसार कोच बनाने के लिए सक्षम हैं। हम पर्यटकों के लिए ऐसे कोच भी बना सकते हैं जिनमें बैठे यात्री आराम से बाहर के दृश्यों का अवलोकन कर सकते हैं। आरेडिका के बने कोच मोजाम्बिक रेलवे की पटरियों पर 2022 से ही दौड़ रहे है हमने मोजाम्बिक के लिए 90 कोचों की आपूर्ति की है और वे अपना बेहतर काम कर रहे है। हमें मोजाम्बिक के लिए अतिरिक्त 10 कोच बनाने का ऑर्डर मिला है। वे कोच भी आरेडिका ने तैयार कर लिए है जो टीम मोजाम्बिक के निरीक्षण के बाद निर्यात कर दिए जाएंगे।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

25/9/2023

(आर.एन.तिवारी)

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी